चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 21.4.24 | 02 | 6-7 |

The Tribune

# HAU, Czech varsity extend partnership

**HISAR, APRIL 20**

An international memorandum of understanding (MoU) between Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (HAU) and Czech University of Life Sciences, Prague, was extended for five years. Both institutions will promote and strengthen research and academic activities under this agreement.

Vice-Chancellor (VC) Prof BR Kamboj on behalf of the HAU and Prof Thomas Subrata Dean, Faculty of Economics and Management from Czech University of Life Sciences, Prague, signed the extended MoU. On the occasion, Dr Jan Huko, Dr Shelvi Kobjev, engineer Sukumar from Czech university and dean, directors, officers and scientists from the HAU were present.

The VC said under such MoUs, they identified and strengthened areas of mutual interests. "This agreement will cover various academic activities, apart from engaging in research work together, such as exchange of students and researchers of both the universities, participation in scientific seminars and academic meetings, exchange of academic information etc. It will encourage the HAU's students and researchers to learn about advanced research technologies conducted in the Czech university. It will help the students of both the universities to cooperate with each other in completing their research efficiently and in improving the quality of research. The students will strengthen their skills and get more employment opportunities in higher educational institutions globally", the VC said.

The International Affairs Cell of the HAU organised an interaction session with the foreign representatives of the Czech university. The foreign delegates discussed about research and educational topics with officials, scientists and students. Dr Subrata presented and explained the various courses and research technologies of the offered at their university. He provided an overview of the Erasmus Mundus Fellowship offered to Indian students and encouraged them to enrol in it. He provided practical information about the financial support offered by these fellowships such as travel allowances, research grants and tuition waivers. "Under such programmes, students can complete their education at the University of Prague and improve their academic and research horizons," he said. It should be noted that in last years under this MoU, 61 students of the university were trained at the Czech university in Prague. — TNS

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| | 21.4.24 | 05 | 1- |

THE TIMES OF INDIA

INDIA'S LARGEST ENGLISH NEWSPAPER | To subscribe call 1800 1200 004 or visit subscribe.timesgroup.com

## CCSHAU extends Czech varsity MoU

**Hisar:** Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (CCSHAU) and Czech University of Life Sciences, Prague extended their memorandum of understanding (MoU) to promote and strengthen research and academic activities for the next five years. Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University vice-chancellor B R Kamboj and Thomas Subrata, dean, faculty of economics and management from Czech University of Life Sciences, Prague, signed the MoU. V-C Kamboj said under such MoUs, the varsity is identifying and strengthening areas of mutual interest.

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 21-4-24 | 04 | 1-3 |

**शिक्षा | हकृवि ने अंतरराष्ट्रीय अनुबंध को पांच साल के लिए बढ़ाया**

# शिक्षा और अनुसंधान में सहयोग को और सुदृढ़ करेंगे हकृवि व चेक यूनिवर्सिटी प्राग

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग के बीच अंतरराष्ट्रीय अनुबंध को अगले पांच साल के लिए बढ़ाया गया। इस अनुबंध के अनुसार दोनों संस्थान शिक्षा व कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख अनुसंधानों में सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। हकृवि की ओर से कुलपति प्रो. बीआर. काम्बोज जबकि चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग की ओर से प्रो. थॉमस सुब्रत अधिष्ठाता, फैकल्टी ऑफ इकोनोमिक्स एंड मैनेजमेंट ने इस समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग के डॉ. यान हुको, डॉ. शेल्वी कोबजेव, इंजीनियर सुकुमार तथा विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी व वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि इस अनुबंध के पश्चात मिलकर अनुसंधान कार्य करने के अतिरिक्त दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों के आदान-प्रदान, वैज्ञानिक संगोष्ठियों व शैक्षणिक बैठकों में भाग लेने, शैक्षणिक सूचनाओं के लेन-देन आदि को बढ़ाया जाएगा। इस एमओयू से हकृवि के विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों को यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग की अनुसंधान व प्रौद्योगिकी को जानने व शिक्षा ग्रहण करने को बढ़ावा मिलेगा। इस अनुबंध के तहत दोनों विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अपनी शोध को नई तकनीकों के साथ दोनों संस्थानों में निपुणता के साथ पूरा करने में एक दूसरे का सहयोग करेंगे, जिससे शोध की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा विद्यार्थियों को उच्च शैक्षणिक संस्थानों में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।



अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के उपरांत कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज, प्राग से प्रो. थॉमस सुब्रत व अन्य अधिकारी।

## इंटरेक्शन मीट भी हुई

विश्वविद्यालय की इंटरनेशनल अफेयर सेल ने चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज के विदेशी प्रतिनिधियों के साथ एक इंटरेक्शन मीट का आयोजन किया। जिसमें यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग के वैज्ञानिक डॉ. थॉमस सुब्रत, डॉ. यान हुको, डॉ. शेल्वी कोबजेव तथा इंजीनियर सुकुमार ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों, वैज्ञानिकों व विद्यार्थियों के साथ शोध और शैक्षणिक विषयों के बारे में चर्चा की। डॉ. थॉमस ने यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग के विभिन्न पाठ्यक्रमों तथा शोध तकनीकियों के बारे में विस्तार से बताया। भारतीय छात्रों को दी जाने वाली यूरोपीय संघ के इरास्मस मुंडस फ़ेलोशिप के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को कार्यक्रम के माध्यम से छात्रवृत्ति एवं शैक्षणिक सहयोग की दिशा में प्रोत्साहित किया। उन्होंने इन फ़ेलोशिप द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सहायता जैसे यात्रा भत्ते, अनुसंधान अनुदान, और ट्यूशन छूट पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय के छात्र शैक्षणिक गुणवत्ता के क्षेत्र में प्राग विश्वविद्यालय में अपने अध्ययन को पूरा कर सकते हैं। इस अनुबंध के अंतर्गत गत वर्षों में विश्वविद्यालय के 61 विद्यार्थी चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज में प्रशिक्षण ले चुके हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 21-4-24 | 12 | 2-6 |

## दोनों विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को होगा फायदा : प्रो. काम्बोज

# एचएयू व चेक यूनिवर्सिटी प्राग शिक्षा व अनुसंधान में सहयोग मजबूत करेंगे

अनुबंध से दोनों विश्वविद्यालयों के छात्र तथा शोधार्थियों के आदान-प्रदान, वैज्ञानिक संगोष्ठियों व शैक्षणिक बैठकों में भाग लेंगे।




हिसार। अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के उपरांत कुलपति प्रो . बीआर काम्बोज, प्राग से प्रो . थॉमस सुब्रत व अन्य अधिकारीगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग के बीच अंतरराष्ट्रीय अनुबंध को अगले पांच साल के लिए बढ़ाया गया है। इस अनुबंध के अनुसार दोनों संस्थान शिक्षा व कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख अनुसंधानों में सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। एचएयू की ओर से कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज जबकि चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग की ओर से प्रो. थॉमस सुब्रत अधिष्ठाता, फैकल्टी ऑफ इकोनोमिक्स एंड मैनेजमेंट ने इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग के डॉ. यान हुको, डॉ. शेल्वी कोबजेव, इंजीनियर सुकुमार तथा विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी व वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

### शैक्षणिक सूचनाओं के लेन-देन को मिलेगा बढ़ावा

कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि इस प्रकार के समझौता ज्ञापनों के तहत हम आपसी हित के क्षेत्रों की पहचान और सुदृढ़ कर रहे हैं। इस अनुबंध के पश्चात मिलकर अनुसंधान कार्य करने के अतिरिक्त दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों के आदान-प्रदान, वैज्ञानिक संगोष्ठियों व शैक्षणिक बैठकों में भाग लेने, शैक्षणिक सूचनाओं के लेन-देन आदि को बढ़ाया जाएगा। इस एमओयू से हकृवि के विद्यार्थियों तथा शोधार्थियो को यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग की अनुसंधान व प्रौद्योगिकी को जानने व शिक्षा ग्रहण करने को बढ़ावा मिलेगा। इस अनुबंध के तहत दोनों विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अपनी शोध को नई तकनीकों के साथ दोनों संस्थानों में निपुणता के साथ पूरा करने में एक दूसरे का सहयोग करेंगे, जिससे शोध की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा विद्यार्थियों को उच्च शैक्षणिक संस्थानों में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

### इंटरेक्शन मीट का आयोजन

विश्वविद्यालय की इंटरनेशनल अफेयर सेल ने चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज के विदेशी प्रतिनिधियों के साथ एक इंटरेक्शन मीट का आयोजन किया जिसमें यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग के वैज्ञानिक डॉ. थॉमस सुब्रत, डॉ. यान हुको, डॉ. शेल्वी कोबजेव तथा इंजीनियर सुकुमार ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों, वैज्ञानिकों व विद्यार्थियों के साथ शोध और शैक्षणिक विषयों के बारे में चर्चा की। डॉ. थॉमस ने यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग के विभिन्न पाठ्यक्रमों तथा शोध तकनीकियों के बारे में विस्तार से बताया।

### विवि के 61 विद्यार्थी प्राप्त कर चुके प्रशिक्षण

डॉ. थॉमस ने भारतीय छात्रों को दी जाने वाली यूरोपीय संघ के इरास्मस मुंडस फेलोशिप के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को कार्यक्रम के माध्यम से छात्रवृति एवं शैक्षणिक सहयोग की दिशा में प्रोत्साहित किया। ज्ञात रहे कि इस अनुबंध के अंतर्गत गत वर्षों में विश्वविद्यालय के 61 विद्यार्थी चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों का स्वागत किया। अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने उनका आभार व्यक्त किया तथा मीटिंग के उद्देश्य बारे संक्षेप में बताया। अंतरराष्ट्रीय मामलों के संयोजक डॉ. अनुज राणा ने यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग के वैज्ञानिकों का परिचय करवाया। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजू महता, सयुंक्त निदेशक डॉ. जयंती टोकस, आईडीपी के लाइजन ऑफिसर डॉ. मुकेश सैनी व डॉ. गणेश भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 21-4-24 | 08 | 3-6 |


# हकृवि व चेक यूनिवर्सिटी ने अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध बढ़ाया

हिसार, 20 अप्रैल (हप्र)

चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग के बीच अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध को अगले पांच साल के लिए बढ़ाया गया है। इस अनुबंध के अनुसार दोनों संस्थान शिक्षा व कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख अनुसंधानों में सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज, जबकि चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग की ओर से प्रो. थॉमस सुब्रत अधिष्ठाता, फैकल्टी ऑफ इकोनोमिक्स एंड मैनेजमेंट ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग के डॉ. यान हुको, डॉ. शेल्वी कोबजेव, इंजीनियर सुकुमार तथा विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी व वैज्ञानिक उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि इस प्रकार के समझौता ज्ञापनों के तहत हम आपसी हित के क्षेत्रों की पहचान और सुदृढ़ कर रहे हैं। इस अनुबंध के पश्चात मिलकर अनुसंधान कार्य करने के अतिरिक्त दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों के आदान-प्रदान, वैज्ञानिक संगोष्ठियों व शैक्षणिक बैठकों में भाग लेने, शैक्षणिक सूचनाओं के लेन-देन को बढ़ाया जाएगा। इस अनुबंध के तहत दोनों विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अपनी शोध को नई तकनीकों के साथ दोनों संस्थानों में निपुणता के साथ पूरा करने में एक दूसरे का सहयोग करेंगे।


हिसार में शनिवार को अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज, प्राग से प्रो. थॉमस सुब्रत व अन्य अधिकारी। -हप्र

इस कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय के छात्र शैक्षणिक गुणवत्ता के क्षेत्र में प्राग विश्वविद्यालय में अपने अध्ययन को पूरा कर सकते हैं। ज्ञात रहे कि इस अनुबंध के अंतर्गत गत वर्षों में विश्वविद्यालय के 61 विद्यार्थी चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने उनका आभार व्यक्त किया तथा मीटिंग के उद्देश्य बारे संक्षेप में बताया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 21-4-24 | 04 | 1-5 |


# हकृवि व चेक यूनिवर्सिटी शिक्षा व अनुसंधान में सहयोग को करेंगे सुदृढ़ : प्रो. काम्बोज

हिसार, 20 अप्रैल (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज़, प्राग के बीच अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध को अगले पांच साल के लिए बढ़ाया गया। इस अनुबंध के अनुसार दोनों संस्थान शिक्षा व कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख अनुसंधानों में सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करेंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज जबकि चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज़, प्राग की ओर से प्रो. थॉमस सुब्रत अधिष्ठाता, फैकल्टी ऑफ इकोनोमिक्स एंड मैनेजमेंट ने इस समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज़, प्राग के डॉ. यान हुको, डॉ. शेल्वी कोबजेव, इंजीनियर सुकुमार तथा विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी व वैज्ञानिक उपस्थित रहे।



*अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के उपरांत कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज, प्राग से प्रो. थॉमस सुब्रत व अन्य अधिकारीगण।*

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि इस प्रकार के समझौता ज्ञापनों के तहत हम आपसी हित के क्षेत्रों की पहचान और सुदृढ़ कर रहे हैं। इस अनुबंध के पश्चात मिलकर अनुसंधान कार्य करने के अतिरिक्त दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों के आदान-प्रदान, वैज्ञानिक संगोष्ठियों व शैक्षणिक बैठकों में भाग लेने, शैक्षणिक सूचनाओं के लेन-देन आदि को बढ़ाया जाएगा। इस एम.ओयू से हकृवि के विद्यार्थियों तथा शोधार्थियो को यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज़, प्राग की अनुसंधान व प्रौद्योगिकी को जानने व शिक्षा ग्रहण करने को बढ़ावा मिलेगा।

विश्वविद्यालय की इंटरनैशनल अफेयर सैल ने चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज के विदेशी प्रतिनिधियों के साथ एक इंटरेक्शन मीट का आयोजन किया जिसमें यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज़, प्राग के वैज्ञानिक डा. थॉमस सुब्रत, डा. यान हुको, डा. शेल्वी कोबजेव तथा इंजीनियर सुकुमार ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों, वैज्ञानिकों व विद्यार्थियों के साथ शोध और शैक्षणिक विषयों के बारे में चर्चा की। डा. थॉमस ने यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज़, प्राग के विभिन्न पाठ्यक्रमों तथा शोध तकनीकियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने भारतीय छात्रों को दी जाने वाली यूरोपीय संघ के इरास्मस मुंडस फ़ेलोशिप के बारे में बताया। ज्ञात रहे कि इस अनुबंध के अंतर्गत गत वर्षों में विश्वविद्यालय के 61 विद्यार्थी चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज़, प्राग में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डा. मंजु महता, सयुंक्त निदेशक डा. जंयती टोकस, आई.डी.पी. के लाइज़न ऑफिसर डा. मुकेश सैनी व डा. गणेश भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 21-4-24 | 06 | 7-8 |

# हकृवि और चेक यूनिवर्सिटी प्राग में सहयोग करेंगे सुदृढ़ : प्रो . काम्बोज



अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के उपरांत कुलपति प्रो . बीआर काम्बोज, प्राग से प्रो . थामस सुब्रत व अन्य अधिकारीगण। • विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता • हिसार : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और चेक यूनिवर्सिटी आफ लाइफ साइंसेज, प्राग के बीच अंतरराष्ट्रीय अनुबंध को अगले पांच साल के लिए बढ़ाया गया। इस अनुबंध के अनुसार दोनों संस्थान शिक्षा व कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख अनुसंधानों में सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। हकृवि की ओर से कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज जबकि चेक यूनिवर्सिटी आफ लाइफ साइंसेज प्राग की ओर से प्रो. थामस सुब्रत अधिष्ठाता, फैकल्टी आफ इकोनोमिक्स एंड मैनेजमेंट ने इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान चेक यूनिवर्सिटी आफ लाइफ साइंसेज, प्राग के डा. यान हुको, डा. शेल्वी कोबजेवं, इंजीनियर सुकुमार उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि इस प्रकार के समझौता ज्ञापनों के तहत हम आपसी हित के क्षेत्रों की पहचान और सुदृढ़ कर रहे हैं। इस अनुबंध के पश्चात मिलकर अनुसंधान कार्य करने के अतिरिक्त दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों के आदान-प्रदान, वैज्ञानिक संगोष्ठियों व शैक्षणिक बैठकों में भाग लेने, शैक्षणिक सूचनाओं के लेन-देन आदि को बढ़ाया जाएगा। एमओयू से हकृवि के विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों को यूनिवर्सिटी आफ लाइफ साइंसेज प्राग की अनुसंधान व प्रौद्योगिकी को जानने व शिक्षा ग्रहण करने को बढ़ावा मिलेगा।

## साझा किए अनुभव

विश्वविद्यालय की इंटरनेशनल अफेयर सेल ने चेक यूनिवर्सिटी आफ लाइफ साइंसेज के विदेशी प्रतिनिधियों के साथ एक इंटरेक्शन मीट का आयोजन किया। इसमें वैज्ञानिक डा. थामस सुब्रत, डा. यान हुको, डा. शेल्वी कोबजेव तथा इंजीनियर सुकुमार ने शोध चर्चा की। इस दौरान डा. केडी शर्मा, डा. आशा क्वात्रा, डा. मंजु महता, डा. जयंती टोकस, डा. मुकेश सैनी, डा. गणेश भी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 21-5-24 | 05 | 1-5 |


# हकृवि व चेक यूनिवर्सिटी प्राग शिक्षा व अनुसंधान में सहयोग को करेंगे सुदृढ़ : प्रो. काम्बोज

हिसार, 20 अप्रैल (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज़, प्राग के बीच अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध को अगले पांच साल के लिए बढ़ाया गया। इस अनुबंध के अनुसार दोनों संस्थान शिक्षा व कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख अनुसंधानों में सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज जबकि चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज़, प्राग की ओर से प्रो. थॉमस सुब्रत अधिष्ठाता, फैकल्टी ऑफ इकोनोमिक्स एंड मैनेजमेंट ने इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज़, प्राग के डॉ. यान हुको, डॉ. शेल्वी कोबजेव, इंजीनियर सुकुमार तथा विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी व वैज्ञानिक उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि इस प्रकार के समझौता ज्ञापनों के तहत हम आपसी हित के क्षेत्रों की पहचान और सुदृढ़ कर रहे हैं। इस अनुबंध के पश्चात मिलकर अनुसंधान कार्य करने के अतिरिक्त दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों के आदान-प्रदान, वैज्ञानिक संगोष्ठियों व शैक्षणिक बैठकों में भाग लेने, शैक्षणिक सूचनाओं के लेन-देन आदि को बढ़ाया जाएगा। इस एमओयू से हकृवि के विद्यार्थियों तथा शोधार्थियो को यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज़, प्राग की अनुसंधान व प्रौद्योगिकी को जानने व शिक्षा ग्रहण करने को बढ़ावा मिलेगा। इस अनुबंध के तहत दोनो विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अपनी शोध को नई तकनीकों के साथ दोनों संस्थानों में निपुणता के साथ पूरा करने में एक दूसरे का सहयोग करेंगे, जिससे शोध की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा विद्यार्थियों को उच्च शैक्षणिक संस्थानों में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। विश्वविद्यालय की इंटरनेशनल अफेयर सेल ने चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज के विदेशी प्रतिनिधियों के साथ एक इंटरेक्शन मीट का आयोजन किया जिसमें यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज़, प्राग के वैज्ञानिक डॉ. थॉमस सुब्रत, डॉ. यान हुको, डॉ. शेल्वी कोबजेव तथा इंजीनियर सुकुमार ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों, वैज्ञानिकों व विद्यार्थियों के साथ शोध और शैक्षणिक विषयों के बारे में चर्चा की। डॉ. थॉमस ने यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज़, प्राग के विभिन्न पाठ्यक्रमों तथा शोध तकनीकियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने भारतीय छात्रों को दी जाने वाली यूरोपीय संघ के इरास्मस मुंडस फ़ेलोशिप के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को कार्यक्रम के माध्यम से छात्रवृत्ति एवं शैक्षणिक सहयोग की दिशा में प्रोत्साहित किया। उन्होंने इन फ़ेलोशिप द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सहायता जैसे यात्रा भत्ते, अनुसंधान अनुदान, और ट्यूशन छूट पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय के छात्र शैक्षणिक गुणवत्ता के क्षेत्र में प्राग विश्वविद्यालय में अपने अध्ययन को पूरा कर सकते हैं। ज्ञात रहे कि इस अनुबंध के अंतर्गत गत वर्षों में विश्वविद्यालय के 61 विद्यार्थी चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज़, प्राग में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. के.डी. शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिकों का स्वागत किया। अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने उनका आभार व्यक्त किया तथा मीटिंग के उद्देश्य बारे संक्षेप में बताया। अंतर्राष्ट्रीय मामलों के संजोजक डॉ. अनुज राणा ने यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज़, प्राग के वैज्ञानिकों का परिचय करवाया। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजु महता, सयुंक्त निदेशक डॉ. जंयती टोकस, आईडीपी के लाइज़न ऑफिसर डॉ. मुकेश सैनी व डॉ. गणेश भी उपस्थित रहे।



अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के उपरांत कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज, प्राग से प्रो. थॉमस सुब्रत व अन्य अधिकारी।

| | |
|---|---|
| | **चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय** |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 21-4-24 | 02 | 3-5 |

# अनुसंधान में सहयोग बढ़ाने के लिए एचएयू ने चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज से किया समझौता

## दोनों संस्थान शिक्षा व कृषि के प्रमुख अनुसंधानों में सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करेंगे

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज प्राग के बीच अंतरराष्ट्रीय अनुबंध को अगले पांच साल के लिए बढ़ाया गया। इस अनुबंध के अनुसार दोनों संस्थान शिक्षा व कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख अनुसंधानों में सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करेंगे।



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के उपरांत कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज, प्राग से प्रो. थॉमस सुब्रत व अन्य अधिकारीगण। स्रोत : संस्थान

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज जबकि चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग की ओर से प्रो. थॉमस सुब्रत अधिष्ठाता, फैकल्टी ऑफ इकोनॉमिक्स एंड मैनेजमेंट ने इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि इस प्रकार के समझौता ज्ञापनों के तहत हम आपसी हित के क्षेत्रों की पहचान और सुदृढ़ कर रहे हैं।

इस अनुबंध के पश्चात मिलकर अनुसंधान कार्य करने के अतिरिक्त दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों के आदान-प्रदान, वैज्ञानिक संगोष्ठियों व शैक्षणिक बैठकों में भाग लेने, शैक्षणिक सूचनाओं के लेन-देन आदि को बढ़ाया जाएगा। इस एमओयू से हकृवि के विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों को यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग की अनुसंधान व प्रौद्योगिकी को जानने व शिक्षा ग्रहण करने को बढ़ावा मिलेगा। इस अनुबंध के तहत दोनों विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अपनी शोध को नई तकनीकों के साथ दोनों संस्थानों में निपुणता के साथ पूरा करने में एक-दूसरे का सहयोग करेंगे, जिससे शोध की गुणवत्ता में सुधार होगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 20.04.2024 | -- | -- |

# हकृवि व चेक विवि प्राग शिक्षा व अनुसंधान में सहयोग को करेंगे सुदृढ़ : प्रो. काम्बोज

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज़, प्राग के बीच अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध को अगले पांच साल के लिए बढ़ाया गया। इस अनुबंध के अनुसार दोनों संस्थान शिक्षा व कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख अनुसंधानों में सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करेंगे।

विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज जबकि चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज़, प्राग की ओर से प्रो. थॉमस सुब्रत अधिष्ठाता, फैकल्टी ऑफ इकोनोमिक्स एंड मैनेजमेंट ने इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज़, प्राग के डॉ. यान हुको, डॉ. शेल्वी कोबजेव, इंजीनियर सुकुमार तथा विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी व वैज्ञानिक उपस्थित रहे।



अनुबध पर हस्ताक्षर करने के उपरांत कुलपति,प्राग से प्रो. थॉमस सुब्रत व अन्य

कुलपति ने कहा कि इस प्रकार के समझौता ज्ञापनों के तहत हम आपसी हित के क्षेत्रों की पहचान और सुदृढ़ कर रहे हैं। इस अनुबंध के पश्चात मिलकर अनुसंधान कार्य करने के अतिरिक्त दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों के आदान-प्रदान, वैज्ञानिक संगोष्ठियों व शैक्षणिक बैठकों में भाग लेने, शैक्षणिक सूचनाओं के लेन-देन आदि को बढ़ाया जाएगा। इस एमओयू से हकृवि के विद्यार्थियों तथा शोधार्थियो को यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज़, प्राग की अनुसंधान व प्रौद्योगिकी को जानने व शिक्षा ग्रहण करने को बढ़ावा मिलेगा। इस अनुबंध के तहत दोनो विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अपनी शोध को नई तकनीकों के साथ दोनों संस्थानों में निपुणता के साथ पूरा करने में एक दूसरे का सहयोग करेंगे, जिससे शोध की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा विद्यार्थियों को उच्च शैक्षणिक संस्थानों में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. के.डी. शर्मा ने स्वागत किया। डॉ. आशा क्वात्रा ने उनका आभार व्यक्त किया तथा मीटिंग के उद्देश्य बारे संक्षेप में बताया। अंतर्राष्ट्रीय मामलों के संयोजक डॉ. अनुज राणा ने यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज़, प्राग के वैज्ञानिकों का परिचय करवाया। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजु महता, सयुंक्त निदेशक डॉ. जंयती टोकस, आईडीपी के लाइज़न ऑफिसर डॉ. मुकेश सैनी व डॉ. गणेश भी उपस्थित रहे।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर न्यूज | 20.04.2024 | -- | -- |

# हकृवि व चेक यूनिवर्सिटी प्राग शिक्षा व अनुसंधान में सहयोग को करेंगे सुदृढ़: प्रो. काम्बोज

नभ-छोर न्यूज ▶▶ 20 अप्रैल

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग के बीच अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध को अगले पांच साल के लिए बढ़ाया गया। इस अनुबंध के अनुसार दोनों संस्थान शिक्षा व कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख अनुसंधानों में सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज जबकि चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग की ओर से प्रो. थॉमस सुब्रत अधिष्ठाता, फैकल्टी ऑफ इकोनोमिक्स एंड मैनेजमेंट ने इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग के डॉ. यान हुको, डॉ. शेल्वी कोबजेव, इंजीनियर सुकुमार तथा विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी व वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 20.04.2024 | -- | -- |

# हकृवि व चेक यूनिवर्सिटी प्राग शिक्षा व अनुसंधान में सहयोग को करेंगे सुदृढ़, अनुबंध को पांच साल के लिए बढ़ाया

पांच बजे न्यूज



**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग के बीच अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध को अगले पांच साल के लिए बढ़ाया गया। इस अनुबंध के अनुसार दोनों संस्थान शिक्षा व कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख अनुसंधानों में सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करेंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज जबकि चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग की ओर से प्रो. थॉमस सुब्रत अधिष्ठाता, फैकल्टी ऑफ इकोनोमिक्स एंड मैनेजमेंट ने इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग के डॉ. यान हुको, डॉ. शेल्वी कोबजेव, इंजीनियर सुकुमार तथा विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी व वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

**दोनों विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को होगा फायदा**

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि इस प्रकार के समझौता ज्ञापनों के तहत हम आपसी हित के क्षेत्रों की पहचान और सुदृढ़ कर रहे हैं। इस अनुबंध के पश्चात मिलकर अनुसंधान कार्य करने के अतिरिक्त दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों के आदान-प्रदान, वैज्ञानिक संगोष्ठियों व शैक्षणिक बैठकों में भाग लेने, शैक्षणिक सूचनाओं के लेन-देन आदि को बढ़ाया जाएगा। इस एमओयू से हकृवि के विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों को यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग की अनुसंधान व प्रौद्योगिकी को जानने व शिक्षा ग्रहण करने को बढ़ावा मिलेगा। इस अनुबंध के तहत दोनो विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अपनी शोध को नई तकनीकों के साथ दोनों संस्थानों में निपुणता के साथ पूरा करने में एक दूसरे का सहयोग करेंगे, जिससे शोध की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा विद्यार्थियों को उच्च शैक्षणिक संस्थानों में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

**इंटरेक्शन मीट का आयोजन**

विश्वविद्यालय की इंटरनेशनल अफेयर सेल ने चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज के विदेशी प्रतिनिधियों के साथ एक इंटरेक्शन मीट का आयोजन किया जिसमें यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग के वैज्ञानिक डॉ. थॉमस सुब्रत, डॉ. यान हुको, डॉ. शेल्वी कोबजेव तथा इंजीनियर सुकुमार ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों, वैज्ञानिकों व विद्यार्थियों के साथ शोध और शैक्षणिक विषयों के बारे में चर्चा की। डॉ. थॉमस ने यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग के विभिन्न पाठ्यक्रमों तथा शोध तकनीकियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने भारतीय छात्रों को दी जाने वाली यूरोपीय संघ के इरास्मस मुंडस फेलोशिप के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को कार्यक्रम के माध्यम से छात्रवृत्ति एवं शैक्षणिक सहयोग की दिशा में प्रोत्साहित किया। उन्होंने इन फेलोशिप द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सहायता जैसे यात्रा भत्ते, अनुसंधान अनुदान, और ट्यूशन छूट पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय के छात्र शैक्षणिक गुणवत्ता के क्षेत्र में प्राग विश्वविद्यालय में अपने अध्ययन को पूरा कर सकते हैं। ज्ञात रहे कि इस अनुबंध के अंतर्गत गत वर्षों में विश्वविद्यालय के 61 विद्यार्थी चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।

स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. के.डी. शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिकों का स्वागत किया। अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने उनका आभार व्यक्त किया तथा मीटिंग के उद्देश्य बारे संक्षेप में बताया। अंतर्राष्ट्रीय मामलों के संयोजक डॉ. अनुज राणा ने यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेज, प्राग के वैज्ञानिकों का परिचय करवाया। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजु महता, संयुक्त निदेशक डॉ. जयंती टोकस, आईडीपी के लाइजन ऑफिसर डॉ. मुकेश सैनी व डॉ. गणेश भी उपस्थित रहे।